www.amritvichar.com

# सुविचार



केवल कर्महीन ही ऐसे होते हैं, जो सदा भाग्य को कोसते हैं और जिनके पास शिकायतों का अंबार होता है।

- जवाहर लाल नेहरू


# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार, 11 अप्रैल 2026


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- पुलिस मुठभेड़ में इनामी अपराधी घायल, साथी फरार II
- स्वर्ण जयंती समारोह में सम्मानित किए गए 18 कलाकार III
- भिड़ंत से पूर्व गुजरात टाइटंस ने परखी तैयारियां IV


## शहर में आज



- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी की ओर से मेगा करियर काउंसलिंग सेमिनार- 9:30 बजे से।
- अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कन्वेंशन सेंटर में दिल के आधुनिक तकनीक से इलाज को लेकर सम्मेलन-10:00 बजे से।
- आलम बाग सामुदायिक केन्द्र के चालीस क्वाटर बारात घर में अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के तत्वाधान में होली मिलन व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम- 10:00 बजे से।
- बीएम शाह प्रेक्षागृह में भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के 7 वें दिन नाट्य संस्था निसर्ग की ओर से नाटक राम शक्ति आदि शक्ति का मंचन- 3:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# एसआईआर के बाद लखनऊ में घट गए 914,185 मतदाता

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी की 30,80,350 मतदाताओं के नामों की अंतिम सूची, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के बाद जिले में मतदाताओं की संख्या 914,185 घट गई है। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईको गार्डेन स्थित कार्यालय में अंतिम मतदाता सूची जारी की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के 1556 मतदान केंद्रों 4132 मतदेय स्थलों पर 30,80,350 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। सबसे अधिक 460037 मतदाता सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र और सबसे कम 240628 लखनऊ कैंटोनमेंट विधानसभा क्षेत्र में हैं। फार्म-6 के माध्यम से नए नाम मतदाता सूची में जोड़े जाते रहेंगे।

27 अक्टूबर 2025 में जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या 39,94,535 थी। मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 12,00,138 मतदाता सूची से बाहर हो गए।पुराने मतदाताओं की संख्या घटकर 27,94,397 रह गई थी। पुनरीक्षण अभियान में फार्म 6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम शामिल भी किए गए। 1,31,733 पुरुष, 1,59,278 महिला और 26 थर्ड जेंडर समेत 2,91,037 नए नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। नए मतदाताओं में 31,767 युवा शामिल हैं। इसके बाद एसआईआर फार्म में अधूरा विवरण भरने वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए। 13,207 मतदाताओं ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया, इससे उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। शुक्रवार को जारी अंतिम मतदाता सूची में जिले में मतदाताओं की संख्या 30,80,350 रह गई है। इन मतदाताओं में 16,13,049 पुरुष, 14,67,194 महिलाएं और 107 थर्ड जेंडर शामिल हैं। शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र वाले सरोजनी नगर, बीकेटी और मलिहाबाद और मोहलालगंज विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है।

### विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं का विवरण

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | तृतीय जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| 168 मलिहाबाद (अजा) | 179277 | 151244 | 9 | 330530 |
| 169 बीकेटी | 221241 | 198216 | 15 | 419472 |
| 170 सरोजनी नगर | 242996 | 217029 | 12 | 460037 |
| 171 लखनऊ पश्चिम | 199068 | 183810 | 17 | 382895 |
| 172 लखनऊ उत्तर | 178061 | 166232 | 16 | 344309 |
| 173 लखनऊ पूर्व | 161575 | 157567 | 5 | 319147 |
| 174 लखनऊ मध्य | 135668 | 128882 | 11 | 264561 |
| 175 लखनऊ कैंटोनमेंट | 123238 | 117379 | 11 | 240628 |
| 176 मोहलालगंज (अजा) | 171925 | 146835 | 11 | 318771 |

## कांग्रेस ने लगाया नाम काटने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने लखनऊ में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से काटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि 2003 की मतदाता सूची प्रारंभ में ही क्षेत्रवार बीएलओ को उपलब्ध करा दी जाती, तो यह स्थिति नहीं बनती और अधिक लोगों के नाम जुड़ सकते थे। उन्होंने पूरी प्रक्रिया में कई खामियों की ओर भी इशारा किया। पार्टी ने दावा किया कि उसके कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर आम जनता को मतदाता बनने में भरपूर सहयोग किया। अब सूची को जल्द ही बीएलए-2 को सौंपा जाएगा। इसके बाद यदि कोई त्रुटि सामने आती है, तो कांग्रेस कानूनी स्तर पर लड़ाई लड़ने की बात कह रही है।

# एकता नगर में नगर निगम चार वर्ष में नहीं बना पाया नाली, होता जलभराव

## समाधान दिवस में समस्या लेकर पहुंचे कॉलोनी के लोगों ने महापौर को सुनाया दुखड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रायबरेली रोड स्थित एकता नगर कॉलोनी में लोक निर्माण विभाग ने एसजीपीजीआई को जाने वाली मुख्य सड़क तो बना दी, लेकिन नगर निगम ने चार वर्ष बाद भी नाली का निर्माण नहीं कराया। इससे हजारों घरों का पानी आसपास खाली पड़े प्लाटों में भरता है। इस समस्या का समाधान कराने के लिए शुक्रवार को कॉलोनी के लोग निगम के समाधान दिवस पहुंचे थे।

नगर निगम के त्रिलोकीनाथ हॉल में शुक्रवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें एकता नगर कॉलोनी के नवीन साहू, रामेश्वर, प्यारेलाल, रवींद्रनाथ, पवन कुमार समेत कई लोग पहुंचे। इन लोगों ने सुनवाई कर रहीं महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार को बताया कि एकता नगर कॉलोनी मुख्य मार्ग पर स्थित है। इसी मार्ग से राष्ट्रीय राजमार्ग और नवाब चौराहा होते हुए एसजीपीजीआई की तरफ आना जाना होता है। एकता नगर कॉलोनी से अन्य मोहल्ले और कॉलोनी भी जुड़ी हैं। चार वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी ने मुख्य सड़क बनवाई थी, लेकिन अभी तक नगर निगम ने नाली का निर्माण नहीं कराया है। इस संबंध में कई बार पहले भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। घरों का पानी आसपास खाली पड़े प्लाटों में भरता है। बारिश का पानी सड़क से लेकर घरों तक भर जाता है। जलभराव को लेकर अक्सर पड़ोसियों से विवाद होता है। सभी भवन स्वामी हाउस टैक्स जमा करते हैं, इसके बाद भी सुविधाओं से वंचित हैं। समाधान दिवस में कुल 191 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों की संख्या अधिक रही। जोनवार प्राप्त गृहकर/जलकर आपत्तियों में जोन-1 से 23, जोन-2 से 3, जोन-3 से 14, जोन-4 से 8, जोन-5 से 7, जोन-6 से 11, जोन-7 से 15 तथा जोन-8 से 4 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके अतिरिक्त जलकल विभाग से 8 एवं अन्य विभागों से 98 शिकायतें प्राप्त हुईं।



नगर निगम के त्रिलोकीनाथ हॉल में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### 16 लाख रुपये आया गृहकर

- हुसैनगंज निवासी राम किशोर राठौर ने बताया कि उनका मकान और उसमें एक दुकान है। वार्षिक गृहकर 4904 रुपये हैं। वर्ष 2019 तक का गृहकर जमा किया। इसके बाद जमा नहीं कर पाए, जो अब 16 लाख रुपये लगा दिया। एक साथ लाखों में गृहकर आना उचित नहीं है। विभाग स्पष्ट भी नहीं कर पा रहा है।

### पुश्तैनी जमीन पर कब्जा बता रहा नगर निगम

- सरोजनी नगर स्थित ग्राम बरौना निवासी राम आसरे ने बताया कि उनके पास दो बीघा पुस्तैनी जमीन है। जो अभिलेखों में दर्ज है। काफी समय से खेती करते आ रहे हैं। नगर निगम जमीन अपनी बता रहा है। न खेती करने देते न प्रधानमंत्री आवास बनाने दिया। कोर्ट में मामला चल रहा है। इसके बाद भी खाली करने की चेतावनी देते हैं।

### तेल डिपो के गेट से बंद हो जाएगा मुख्य मार्ग

- सर्वोदय नगर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड-2 से आईं प्रेमलता व अन्य महिलाओं ने बताया कि क्षेत्र में नगर निगम तेल डिपो का निर्माण कर रहा है। स्थल के पास उनके छह से सात मकान बने हैं। आने-जाने का मुख्य एक मार्ग है। जो तेल डिपो निर्माण के दौरान बंद कर रहे हैं। इससे उनके घरों का रास्ता और जलनिकासी बंद हो जाएगी।

### कूड़ा कलेक्शन में सुधार लाने के निर्देश

- महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार सुबह 7 बजे नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-7 में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। महापौर व नगर आयुक्त सबसे पहले इंदिरा नगर स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल पहुंचे। पार्किंग क्षेत्र में कूड़ा रखे होने की शिकायत मिली थी। मौके पर जांच में पाया गया कि कूड़ा स्कूल परिसर के अंदर खाली प्लाट में गेट के किनारे रखा गया था। महापौर ने जोनल सेनेटरी ऑफिसर अजीत राय को मौके पर बुलाकर कूड़ा उठान की व्यवस्था और बेहतर व समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली संस्था 'लखनऊ स्वच्छता अभियान' के कर्मचारियों को भी समय से कूड़ा उठाने के निर्देश दिए।

## ग्रीन कॉरिडोर बनाने वाली फर्मों पर 10 लाख जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्रीन कॉरिडोर बनाने वाली दो फर्मों को कार्य में लापरवाही भारी पड़ गई। काम की रफ्तार धीमी मिलने पर उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने 10 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। तय समय पर कार्य पूर्ण न किए तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

7 अप्रैल को उपाध्यक्ष ने ग्रीन कॉरिडोर के फेज-2,3 और 4 का निरीक्षण किया था। इस दौरान फेज-2 में ब्रिज, फोन लेन सड़क समेत अन्य अवशेष कार्यों की रफ्तार धीमी मिली थी। इसके अतिरिक्त फेज-3 में चल रहे समतलीकरण करण समेत अन्य कार्य धीमे पाए थे। इस पर उपाध्यक्ष ने फर्मों और इंजीनियरों पर नाराजगी जताई थी।

# गोमती नगर से बांद्रा के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

- पांच फेरों के लिए किया जाएगा ग्रीष्मकालीन ट्रेन का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रेल प्रशासन ने ग्रीष्मकाल में ट्रेनों में संभावित भीड़ के मद्देनजर गोमती नगर से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का फैसल लिया है। ये ट्रेन पांच फेरों के लिए चलाई जाएगी।

05033 गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस ट्रेन 13 अप्रैल से 11 मई 2026 तक प्रत्येक सोमवार को गोमती नगर से 14:00 बजे प्रस्थान करेगी और बादशाहनगर, डालीगंज, सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा जं., भरतपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, बोरीवली होते हुए 20:00 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में 05034 बान्द्रा टर्मिनस-गोमती नगर ट्रेन मंगलवार को 23:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन विभिन्न स्टेशनों से होकर 07:35 बजे गोमती नगर पहुंचेगी।

मुख्य जन संपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि यह विशेष ग्रीष्मकालीन सेवा यात्रियों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन और सुगम आवागमन के उद्देश्य से चलाई जा रही है। दोनों दिशाओं में यह ट्रेन कुल 5-5 फेरे करेगी। यात्री आधिकारिक वेबसाइट से समय सारणी देख सकते हैं।

# प्रतिबंधित मांझे ने रोकी मेट्रो ट्रेन और बाइक सवार रेलकर्मी का गला कटा

- वीआईपी रोड पर मांझे की चपेट में आई कर्मी को लगे टांके
- धातु के तार युक्त मांझा लिपटनी से ओएचई लाइन में आया फाल्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रतिबंधित मांझे ने शुक्रवार को शहर में मेट्रो ट्रेन का संचालन रोक दिया और वीआईपी रोड पर बाइक से जा रहे रेलकर्मी का गला और उंगली कट गई। खून से लथपथ कर्मी को राहगीरों की मदद से लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने टांके लगाने के बाद घर भेज दिया। इंस्पेक्टर आलमबाग रामबाबू सिंह का कहना है कि घायल ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। चपेट में आने से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस घायल युवक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

आशियाना निवासी अवधेश रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर हैं। शुक्रवार शाम वे मोटरसाइकिल से गन्ना संस्थान की तरफ से आ रहे थे। जैसे ही वे वीआईपी रोड पर पहुंचे, वैसे ही चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझा उनके गले में फंस गया। खिंचाव से गला कटा। पकड़ने में उनकी उंगली भी कट गयी। ब्रेक मारने से बाइक अनियंत्रित हो गई। किसी तरह घायल हालत में उन्होंने बाइक संभाली। लोगों ने घायल अवधेश को सड़क किनारे बैठाया और घाव पर रूमाल बांधा। उसके बाद लहूलुहान हालत में लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिलते ही परिवारवाले भी पहुंच गए। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। इंस्पेक्टर ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर जानकारी कर घायल से संपर्क किया गया है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उधर प्रतिबंधित मांझे ने मेट्रो ट्रेन का संचालन भी बाधित कर दिया। चारबाग से आलमबाग बस स्टैंड स्टेशन के बीच करीब 20 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। जानकारी के अनुसार धातुयुक्त तार में लिपटा मांझा ओएचई लाइन में लिपट गया। शॉर्ट सर्किट होने से ओएचई लाइन की बिजली गुल हो गई, जिससे ट्रेनों की गति धीमी करनी पड़ी। इस दौरान मेट्रो संचालन सिंगल लाइन पर जारी रखा गया, जिससे सेवाएं प्रभावित रहीं। अन्य लाइन पर संचालन सामान्य बना रहा। मेट्रो प्रशासन के अनुसार करीब 20 मिनट बाद स्थिति सामान्य गई।



मांझे से घायल रेलकर्मी घायल अवधेश।

## सिटी ब्रीफ

### धर्मेन्द्र सरोज बने आयकर कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयकर कर्मचारी महासंघ लखनऊ शाखा के चुनाव में सर्किल समर्थित पैनल ने लगातार छठवीं बार भारी बहुमत से जीत दर्ज की। धर्मेन्द्र सरोज अध्यक्ष, स्मृति सिंह उपाध्यक्ष, अनुपम मिश्रा सचिव, अमित गुप्ता संयुक्त सचिव तथा अजय यादव कोषाध्यक्ष चुने गए। नवनिर्वाचित सचिव अनुपम मिश्रा ने कर्मचारियों का आभार जताया। सर्किल महासचिव सन्तोष मिश्रा, अध्यक्ष विपनेश कुमार तथा जोनल सचिव बृजेश यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अमित शुक्ला, अनूप कुमार, संकल्प पाण्डेय, राज किशोर मौर्या, सोनिया चौधरी, विवेक सक्सेना, संजय पांडेय, शिप्रा सिंह, श्रुति शुक्ला, प्रीति वर्मा उपस्थित रहे।

### यूआरएमयू ने डीआरएम कार्यालय किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कार्यालय के गेट पर शुक्रवार को यूआरएमयू की ओर से 12 सूत्री मांगें पूरी न होने पर विरोध दर्ज कराया गया। संगठन के मंडल अध्यक्ष आरपी राव ने बताया कि लंबित मांगों के समर्थन में एक सप्ताह तक गेट मीटिंग के माध्यम से विरोध जताया जाएगा। यह प्रदर्शन लंच टाइम में किया गया ताकि कार्यालय का कामकाज बाधित न हो। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### कई इलाकों में आज नहीं रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई इलाकों में शनिवार को मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। इससे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को एक घंटे से ज्यादा बिजली संकट सामना करना पड़ेगा। अधिशासी अभियंता राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 220 केवी सब स्टेशन सीजी सिटी की मेन लाइन सुबह 6 से 7 बजे तक बंद की जाएगी। फीडर मेदांता, कैंसर इंस्टीट्यूट, आरएमएल और पुलिस भवन की बिजली गुल रहेगी। कपूरथला उपकेंद्र के अलीगंज सेक्टर ए, भिंडिया टोला, चांदगंज, ज्ञान भवन के आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक, सुभाष पार्क महानगर उपकेंद्र से महानगर विस्तार, डंडहिया, पांडेयटोला, कुर्सी रोड में 11 से शाम 4 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

### नगर निगम सदन की बैठक 15 को

**अमृत विचार, लखनऊ, :** नगर निगम की 15 अप्रैल को होने वाली सदन की बैठक की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न प्रस्तावों और विषयों पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सदन में रखे जाने वाले सभी विषय स्पष्ट, तथ्यपूर्ण और जनहित से जुड़े हों, ताकि शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। शहर की साफ-सफाई, कर निर्धारण, निर्माण कार्यों की प्रगति, जल निकासी व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रस्तावों और योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की।

## खरीदारी

### अक्षय तृतीया से पहले बाजार में बढ़ने लगी ग्राहकों की भीड़

# इटालियन हसली से लौटा पुरानी ज्वैलरी का फैशन

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** चढ़ती कीमतों और बाजार में निरंतर बने उतार-चढ़ाव के बीच अक्षय तृतीया पर्व के लिए लखनऊ के बाजार तैयार हो गए हैं। शोरूम में खरीदार नई डिजाइन पसंद कर अग्रिम बुकिंग करा रहे हैं। साथ ही कई ग्राहक ऐसे भी हैं जो ज्वैलरी खरीद कर उसका पूजन अक्षय तृतीया की शुभ घड़ी में करने के बाद ही उसे धारण करेंगे। पर्व भले ही 19 अप्रैल को हो लेकिन सर्राफा बाजारों में भीड़ है। कीमतें अधिक होने के कारण इस बार ''लाइट वेट'' ज्वैलरी की शोरूम में भरमार है। पुराने जमाने में पहनी जाने वाली सोने की 'हसली' को नए रूप में उतारा गया है।

पुरान दौर में महिलाएं वजनदार सोने की हसली गले में पहनती थीं। यह गले में पूरी तरह फिट बैठती थी। ठीक उसी तर्ज पर नई इटालियन हसली और चेन को लांच किया गया है। यह देखने में भारी लगती है, लेकिन वास्तव में उसका वजन महज 10 से अधिकतम 18 ग्राम के बीच ही है।

इसकी कीमत अधिकतम डेढ़ से 3 लाख रुपये के बीच है। चौक सर्राफ सिद्धार्थ जैन ने बताया कि बाजार में खरीदारों का हुजूम है। इनमें महिलाएं सर्वाधिक हैं। जैन बताते हैं कि अक्षय तृतीया पर्व के लिए महिलाएं बुकिंग करा रही हैं और कई ऐसे ग्राहक हैं जो उसे खरीद रहे हैं। पर्व पर पूजन के बाद उसका इस्तेमाल करेंगे जिससे पूरे वर्ष शुभता बनी रहे। सरार्फ जैन के मुताबिक डायमंड कटिंग रिंग की विशेष वैरायटी 70 हजार से दो लाख रुपये के बीच है। इसके अलावा हल्की चूड़ियां भी खरीदी जा रही हैं।



सरार्फ बाजार में दुकान पर हसली देखती महिला।

### हल्की ज्वेलरी की जा रही ज्यारा पसंद



- लखनऊ सर्राफा के संगठन मंत्री आदीश जैन बताते हैं कि बाजारों में खरीदारों की भीड़ है न केवल चौक, अमीनाबाद, हजरतगंज, अलीगंज, महानगर, इंदिरानगर, गोमतीनगर, आलमबाग समेत सभी प्रमुख बाजारों में भीड़ है। सोने की कीमतें अधिक होने के कारण ग्राहक हल्की ज्वेलरी मांग रहा है। दस ग्राम से लेकर बीस ग्राम तक के सोने के आर्टीकिल हैं। लोग बुकिंग करा रहे हैं तो बहुत से लोग खरीद रहे हैं। उनका मानना है कि पूजन के बाद सहालग में इसका उपयोग किया जा सकता है।

# केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभाग के बेसमेंट में भरा सीवर का पानी

- गंदे पानी से होकर पहुंचेच चैंबर क्लास तक पहुंचे डॉक्टर-छात्र
- उपकरण, किताबें और दवाएं भी हो गए खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** केजीएमयू जनरल सर्जरी विभाग के बेसमेंट में डॉक्टरों के कमरे, क्लास रूम और स्किल लैब आदि में शुक्रवार को घुटनों तक सीवर का पानी भर गया है। डॉक्टर, छात्र, कर्मचारी इसके बीच से चैंबर व क्लास तक पहुंचे। उपकरण, किताबें व दवाएं सीवर के पानी में डूब गए हैं। स्किल लैब में लाखों रुपये के उपकरण खराब होने की आशंका बढ़ गई है।

जनरल सर्जरी विभाग में करीब 22 फैकल्टी हैं। लगभग 100 रेजिडेंट डॉक्टर तैनात हैं। रोजाना 10 से 15 ऑपरेशन भी किए जाते हैं। ऐसे में गंदगी और जलभराव संक्रमण के खतरे को कई गुना बढ़ा रहा है। ऑपरेशन के बाद मरीजों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है, लेकिन प्रशासन इस ओर आंखें मूंदे बैठा है। डॉक्टरों का कहना है कि गंदे जूते और भीगे कपड़े पहने वार्डों में मरीजों तक जाना पड़ा।

गंदे पानी के कारण मच्छरों और कीड़ों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है। जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। यह हालात साफ तौर पर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करते हैं। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि सफाई और सीवर लाइन का कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही हालात सामान्य हो जाएंगे।

## सिटी ब्रीफ

### हाईकोर्ट भवन की छत पर चढ़ी महिला, हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ:** हाईकोर्ट लखनऊ पीठ के भवन की छत पर गोंडा की महिला नवजात बच्चे के साथ चढ़ गई। वह लगातार कूदने की धमकी दे रही थी। शोर-शराब सुनकर हाईकोर्ट के अधिवक्ता और सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह उसे नीचे उतारा। इसके बाद समझाकर घर वापस भेजा। पुलिस के मुताबिक महिला गोंडा के छपिया की रहने वाली है। पूछताछ में बताया कि उसकी शादी नरायनपुर निवासी गैर संप्रदाय के मो. साबिर अली हुई है। एक तीन माह का बच्चा भी है। उन्होंने गोंडा के छपिया थाने में पति व अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ 2024 में रिपोर्ट दर्ज कराया था। इसी से परेशान होकर शुक्रवार को वह अधिवक्ता के उच्च न्यायालय स्थित चैम्बर में बात करने आई थी। बात न बनने पर वह छत पर चढ़ गई और नीचे कूदने का प्रयास करने लगी। हाईकोर्ट सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी, चौकी प्रभारी और अन्य लोगों ने उन्हें सुरक्षित बचाया। विभूतिखंड इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि मामले को लेकर किसी पक्ष से कोई शिकायत नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### सुरक्षा चूक पर अवध बार ने जताई नाराजगी

**विधि संवाददाता, लखनऊ:** अवध बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के गोमती नगर स्थित परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन ने शुक्रवार को वरिष्ठ न्यायमूर्ति को पत्र भेजकर, शुक्रवार को हुयी एक घटना का उल्लेख करते हुए तत्काल सख्त कदम उठाने की मांग की है। पत्र के अनुसार, शुक्रवार को शाम करीब साढ़े चार बजे एक महिला अपने दुधमुंहे बच्चे के साथ न्यायालय की ऊपरी मंजिल तक पहुंच गई और कूदने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों तथा सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से महिला व बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया। महासचिव ललित किशोर तिवारी की ओर से वरिष्ठ न्यायमूर्ति को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि न्यायालय जैसे संवेदनशील स्थल पर इस प्रकार की घटना अत्यंत गंभीर है और भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस इंतजाम आवश्यक हैं। बार एसोसिएशन ने अपनी मांगों में कहा है कि न्यायालय भवन की छत व ऊपरी तल पर आम लोगों या वादकारियों के जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा वहां जाने वाले सभी रास्तों पर मजबूत ताले लगाए जाएं। इसके अलावा अधिवक्ता चेंबर ब्लॉकों के बीच खाली स्थानों पर जाल या बैरिकेडिंग कर सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की गई है।

### फर्जी आईडी बनाकर वसूले रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ:** फेसबुक पर डीआईजी सीआईडी की फर्जी आईडी बनाकर साइबर जालसाज ने परिचितों को मैसेज भेजकर रुपये वसूल लिए। जानकारी होने पर डीआईजी ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। डीआईजी अशोक कुमार ने बताया कि साइबर जालसाज ने पहले उनके नाम से फर्जी आईडी बनायी। उसके बाद प्रोफाइल फोटो पर उनकी फोटो लगायी गयी। फिर परिचितों को मैंसेजर पर मैसेज कर एक नंबर शेयर कर बताया कि उनके मित्र सीआरपीएफ में तैनात हैं। जालसाज ने ट्रांसफर की बात बताते हुए पुराना फर्नीचर व अन्य सामान कम कीमत पर बेचने की बात कही। उसके बाद आरोपी ने कई परिचितों से रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ितों ने डीआईजी से संपर्क कर फेसबुक आईडी की बात बतायी तो पता चला कि ठगी हुई है। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिना फार्मर आईडी के नहीं खरीदा जाएगा गेहूं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी खरीद में किसान पहचान पत्र/फार्मर आईडी तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसानों से केंद्रों पर गेहूं नहीं खरीदा जाएगा। समर्थन मूल्य का लाभ पाने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। शुक्रवार को जिले के सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी विपुल सिन्हा ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत उन्हीं किसानों से खरीद की जाएगी जिनके पास फार्म आईडी उपलब्ध है। केंद्र प्रभारी किसानों के पंजीकरण प्रपत्र में विवरण का मिलान फार्मर आईडी से करेंगे। किसानों से अपील है कि वह फार्मर आईडी बनवाएं। गेहूं खरीद में किसी तरह की समस्या आती है तो जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर 0522-2789500 पर सुबह 9 से शाम 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

## कलेक्शन एजेंट को लूटने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार, 45 लाख बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार अप्रैल को विभूतिखंड इलाके में सैवी ग्रैंड होटल के बाहर लूटे थे 75 लाख
- अयोध्या के सीमेंट कारोबारी के घर से गोमतीनगर स्थित कार्यालय पहुंचानी थी रकम


अतुल कुमार


अमित कुमार


आकाश यादव


राहुल यादव


विशाल

**अमृत विचार :** विभूतिखंड स्थित सैवी ग्रैंड होटल के बाहर चार अप्रैल को निजी कंपनी के कलेक्शन एजेंट निकुल सिंह जडेजा से 75 लाख रुपये की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से 45 लाख रुपये और वारदात में इस्तेमाल स्कार्पियो बरामद हुई है। हालांकि पीड़ित ने शुरुआत में केवल 25 लाख रुपये लूटे जाने की सूचना दी थी, जिससे मामले में कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस अब कम रकम बताने के कारणों की भी जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार गुजरात निवासी निकुल सिंह जडेजा मरकुलिक्स बिजनेस सॉल्यूशन कंपनी में कलेक्शन एजेंट हैं। चार अप्रैल को वह विभूतिखंड स्थित विश्वरूपा इंफ्राटेक कंपनी से रकम लेकर स्कूटी से कार्यालय जा रहे थे। सैवी ग्रैंड होटल के बाहर स्कार्पियो सवार बदमाशों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मारकर गिरा दिया और मारपीट कर रुपयों से भरा बैग लूट लिया।

डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अतुल कुमार रावत, विशाल सिंह, राहुल यादव, आकाश यादव और अमित कुमार गुप्ता शामिल हैं। शेष 30 लाख रुपये गिरोह के सरगना राजकुमार, सलमान और सुमित के पास हैं, जिनकी तलाश जारी है।

**होटल के एमडी के चालक ने बनाई थी लूट की योजना:** एसीपी विनय कुमार द्विवेदी के मुताबिक इस वारदात का मास्टरमाइंड राहुल यादव है, जो सैवी ग्रैंड होटल के एमडी का चालक है। वह विभिन्न जिलों से रुपये लाने-ले जाने का काम करता था। घटना के दिन भी वह अयोध्या से रकम लेकर आया था, जिसे कलेक्शन एजेंट को सौंपा गया था। इसी दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

**चचेरे भाई के साथ मिलकर बनाई थी योजना:** राहुल यादव ने अपने चचेरे भाई आकाश यादव को रुपये लाने की जानकारी दी, जिसके बाद योजना बनाई गई। आकाश ने अपने दोस्त सलमान को शामिल किया, जिसने आगे राजकुमार, सुमित और विशाल को साथ लिया। सूचना मिलते ही आरोपियों ने निकुल से रुपयों से भरा बैग लूट लिया और बिना नंबर की स्कार्पियो से फरार हो गए।

**सूचना 25 की निकले 75 लाख:** पुलिस के मुताबिक बदमाशों को बैग में 25 लाख रुपये होने की जानकारी थी, लेकिन लूट के बाद उसमें 75 लाख रुपये निकले। आरोपियों ने रकम आपस में बांट ली। होटल प्रबंधन से पूरी रकम का हिसाब मांगा गया है। एमडी का कहना है कि ड्राइवर को 25 लाख की पर्ची देने की व्यवस्था थी, ताकि रकम सुरक्षित रहे, लेकिन इस व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### कई बार कर चुका था कोशिश

- राहुल की नीयत पहले भी कई बार खराब हुई थी। इस बार उसने लूट की योजना बनाकर साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कठौता झील के पास से उन्हें गिरफ्तार किया।

## पुलिस ने वापस कराए साइबर ठगी में गए रुपये

**अमृत विचार , लखनऊ:** नाका के गणेशगंज में रहने वाली महिला से साइबर जालसाजों ने 28122 रुपये ठग लिये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पीड़िता के खाते में 28122 रुपये वापस करा दिए हैं। साइबर जालसाजों के बारे में पुलिस पता कर रही है।

इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा के मुताबिक गणेशगंज में पूजा अग्रवाल रहती हैं। उन्होंने 6 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके खाते से साइबर जालसाजों ने 28122 रुपये निकाल लिए हैं। नाका पुलिस और साइबर सेल प्रभारी ने इस मामले में छानबीन शुरू की। इसके बाद पीड़िता के रुपये वापस करा दिए हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी अपराधी घायल, साथी फरार

### कृष्णानगर के डूडा कॉलोनी स्थित आशाराम बापू आश्रम के पास हुई मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कृष्णानगर पुलिस की गुरुवार देर रात बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में 25 हजार का इनामी बदमाश विपिन घायल हो गया, जबकि उसका साथी कुलदीप मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस फरार आरोपी कुलदीप की तलाश में दबिश दे रही है।

डीसीपी दक्षिणी अमित आनंद के मुताबिक फरवरी में कृष्णानगर इलाके के तीन घरों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी और खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। करीब 500 सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पहले ही एक आरोपी शुभम सोनी को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि विपिन और कुलदीप फरार चल रहे थे। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि विपिन कृष्णानगर क्षेत्र में मौजूद है। इसके बाद डूडा कॉलोनी स्थित आशाराम बापू आश्रम के पास वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान बाइक सवार विपिन और कुलदीप आते दिखाई दिए। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों भागने लगे, लेकिन बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके बाद दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।


पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को सहारा देकर ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- फरवरी में कृष्णानगर इलाके के तीन घरों में की थी चोरियां

जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली विपिन के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा, जबकि कुलदीप अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से विपिन को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के अनुसार, जांच के दौरान करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य खंगाले गए थे, जिससे आरोपियों की पहचान हुई। गुरुवार देर रात करीब 1:30 बजे मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश के पास से तमंचा, दो कारतूस, एक खोखा, पीजीआई क्षेत्र में लूटी गई दो चेन, तीन अंगूठियां और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई।

पुलिस के मुताबिक विपिन और कुलदीप पर राजधानी के विभिन्न थानों में 25 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## घर के बाहर खेल रही मासूम को स्कार्पियो ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पीजीआई के तेलीबाग इलाके में शुक्रवार सुबह बेकाबू स्कार्पियो ने घर के बाहर खेल रही मासूम को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि हादसे के बाद चालक कुछ दूर जाकर रूका। उसके बाद भी बच्ची को अस्पताल ले जाने के बजाए मौका देख गाड़ी लेकर भाग निकला। परिजन बच्ची को लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

मूल रूप से बाराबंकी के लोनी कटरा निवासी संदीप मजदूर हैं। उनकी पत्नी पुष्पा पांच माह के बेटे कुलदीप के साथ पिछले आठ माह से मायके तेलीबाग के नटखेड़ा खरीका में रहती है। परिजन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तीन वर्षीय बेटी संध्या घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वहां से निकली बेकाबू स्कार्पियो कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसा देख राहगीरों और स्थानीय लोगों ने शोर मचाते हुए स्कार्पियो सवार को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह फर्राटा भरते हुए मौके से भाग निकला।


हादसे के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

- सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस
- तेलीबाग के नटखेड़ा खरीका की घटना

परिजन बच्ची को लहूलुहान हालत में लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने संध्या को मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजन की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपी चालक और स्कार्पियो की तलाश की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद चालक ने कुछ दूरी पर स्कार्पियो रोकी और बाहर निकला। राहगीरों ने घायल बच्ची को अस्पताल पहुंचाने के लिए कहा तो वह वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। परिजनों का कहना है कि अगर समय पर बच्ची को अस्पताल पहुंचा दिया जाता तो शायद उसकी जान बच सकती थी।परिजन ने बताया कि संध्या का जन्म ननिहाल में ही हुआ था। जिससे वह नानी राजवती की बेहद लाडली थी। हादसे के बाद मां पुष्पा और नानी राजवती का रो-रोकर बुरा हाल है।

## युवती से दुष्कर्म का प्रयास आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट इलाके में भवन निर्माण सामग्री विक्रेता भाइयों ने करीब एक दर्जन साथियों संग महिला के घर में घुसकर बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपियों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। कोर्ट के आदेश पर चिनहट पुलिस ने चार नामजद व करीब एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र निवासी 41 वर्षीय महिला ने बताया कि 4 मार्च को उसके घर में बालाजी ट्रेडर्स के मालिक अनुज पाल, अपने भाई सनी पाल, साथी शिवकुमार, उमेश और करीब 10-12 अज्ञात के साथ घुस आए। आरोपियों ने बेटी का कुर्ता फाड़कर दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़ित मां-बेटी ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की। आरोपियों ने बेटी के पेट पर लात मार दी और उसे अगवा करने का प्रयास किया। पीड़िता का बेटा बचाने के लिए पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी मारा। यही नहीं मारपीट करते हुए अनुज पाल की दुकान तक ले गए। आरोपियों की करतूत दुकान के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। आरोपियों ने गोली मारने की धमकी दी।

पीड़िता का कहना है कि 1090 पर शिकायत की लेकिन कोई मदद नहीं मिल सकी। उसके बाद चिनहट कोतवाली में शिकायत की लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आदेश पर चिनहट पुलिस ने अनुज पाल, सनी पाल, शिवकुमार, उमेश व 10-12 अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## एग्रीमेंट कर बिना नक्शा पास करा बिल्डर ने बेच दिए कई फ्लैट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाका कोतवाली में बिल्डर, ठेकेदार व आर्किटेक्ट के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आरोप है कि आरोपियों ने बिल्डर एग्रीमेंट कर मकान तोड़कर आठ लाख में मलबा बेचने के साथ ही अपार्टमेंट के भूतल में पीड़ित के फ्लैट का क्षेत्रफल कम कर दिया। यही नहीं बिना नक्शा पास कराए कई फ्लैट बेच दिए। धोखाधड़ी की जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने धमकाया। इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अयोध्या के इनायत नगर स्थित मीठे गांव निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि लालबाग खंदारी बाजार निवासी मोहम्मद मुस्तफा खान से 25 जुलाई 2024 को 18 माह को 2520 वर्गफुट बिल्डर एग्रीमेंट हुआ था। एग्रीमेंट में तय हुआ था कि पीड़ित किनारे का हिस्सा लेगा और उसपर दोनों तरफ से छज्जा निकलेगा। भूतल पर एक-एक फ्लैट बनेंगे और उनका क्षेत्रफल बराबर होगा। इसपर मुस्तफा ने तय कर मकान को तोड़कर ही प्लॉट का एग्रीमेंट किया था। पीड़ित ने बताया कि बिल्डर ने मकान तोड़कर सारा मलबा आठ लाख में बिना बताए बेच दिया। पीड़ित ने जब भी मलबे के रुपये मांगा तो टालमटोल की।

- नाका कोतवाली में बिल्डर ठेकेदार व आर्किटेक्ट पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

निर्माण में देरी होने पर पीड़ित ने संपर्क किया तो आरोपी ने झांसा दिया कि कई विभागों की एनओसी लेनी है, नक्शा अभी पास नहीं है। करीब छह माह बाद निर्माण शुरू हुआ। पीड़ित ने नक्शा मांगा तो उनके आर्किटेक्ट बंटी ने भेजा। 24 जनवरी 2026 को एग्रीमेंट का समय पूरा होने के बाद भी बिल्डिंग नहीं बन पायी। छानबीन की तो पता चला कि मुस्तफा, ठेकेदार नूर व बंटी ने धोखाधड़ी कर एग्रीमेंट कर कई फ्लैट बेच दिए। पीड़ित ने बताया कि अपार्टमेंट देख पीड़ित ने मुस्तफा को बुलाया। बताया कि भूतल के फ्लैट का क्षेत्रफल कम कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर गोली मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने बिना नक्शा पास कराए कई फ्लैट बेच दिए। शासन के आदेश पर नाका पुलिस ने मोहम्मद मुस्तफा खान, नूर ठेकेदार, बंटी आर्किटेक्ट व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शेयर में निवेश के नाम पर कारोबारी से ठगे 1.60 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठग ने तालकटोरा के कारोबारी से 1.60 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। वहीं, निजी अस्पताल के डॉक्टर के आधार कार्ड की मदद से साइबर जालसाज ने ठगी की। साइबर थाना इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि दोनों मामलों को दर्ज कर जांच की जा रही है।

राजाजीपुरम ई-ब्लॉक निवासी कारोबारी महेंद्र पांडेय ने बताया कि फरवरी माह में उनके पास एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने अल्मांडज ग्लोबल सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड का अधिकारी बताया। जालसाज ने शेयर मार्केट में निवेश के बारे में बताया। उसके बाद उनका नंबर ग्रुप एलाइट कोर 231 व 1वी1 एडवांस्ड ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप एडमिन ने शेयर निवेश पर मुनाफे का आश्वासन दिया। जाल में फंसाने के बाद उनका डीमैट अकाउंट खोला गया।

जाल में फंसे पीड़ित ने 10 फरवरी से 13 मार्च के बीच 31 बार में दिए गए खातों में 1,60,39,737 रुपये ट्रांसफर किए। मुनाफा दिखने पर पीड़ित महेंद्र ने विड्राल करने का प्रयास किया तो 20 प्रतिशत सर्विस फीस मांगी गयी। इंकार करने पर जालसाज ने नंबर ब्लॉक कर दिया। महेंद्र ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

बालागंज के डॉक्टर रेजीडेंसी निवासी अब्दुल कादिर जिलानी ने बताया कि साइबर जालसाज ने उनके आधार पर लिंक नंबर की मदद से एक एप पर यूपीआई बनाकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खाते से 1,79,973 रुपये और इंडियन ओवरसीज बैंक से 7,32,968 रुपये पार कर दिए। 8,82,941 रुपये की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित अब्दुल कादिर ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## रिटायर्ड जज समेत चार के खातों से उड़ाए लाखों

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** साइबर ठगों ने रिटायर्ड जज व महिला समेत चार के खातों से 5.54 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने कस्टमर केयरकर्मी बनकर फंसाया तो कहीं पार्ट टाइम जॉब व ट्रेडिंग के नाम पर ठगा। साइबर ठगी के यह मामले सुशांत गोल्फ सिटी, अमीनाबाद और पीजीआई के हैं। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी के सेलिब्रिटी मिडोज में रिटायर्ड जज श्यामलाल टहलानी रहते हैं। बेटे विश्वास ने बताया कि 6 अप्रैल को पिता के पास एक अंजान नंबर से कॉल आयी। जालसाज ने मोबाइल हैक कर उनके एसबीआई और पीएनबी खाते से 1.45 लाख रुपये निकल गए। बैंक में जानकारी करने पर पता चला कि रुपये झारखंड जमशेदपुर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते में ट्रांसफर हुए हैं। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- सुशांत गोल्फ सिटी, अमीनाबाद व पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

वहीं, अमीनाबाद स्थित ओल्ड मेडिसिन मार्केट निवासी मुनीश खुशीराम का खाता इंडियन बैंक में है। 7 अप्रैल को उन्होंने गूगल से जिया हॉट स्टॉर कस्टमर केयर का नंबर हासिल कर कॉल की। फोन के पीछे मौजूद शख्स ने हॉट स्टॉर रिचार्ज नहीं होने की बात कही। उसके बाद दूसरे नंबर से वीडियो कॉल कर बातों में फंसाया। फिर खाते से दो बार में 70 हजार रुपये पार कर दिए।

उधर, तेलीबाग के बंगाली टोला निवासी कीर्ति सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने देश के नामचीन रेस्टोरेंट के रिव्यू वर्क की बात कही। शुरुआत में टॉस्क देकर जालसाज ने कुछ रुपये दिए। उसके बाद पैड टॉस्क बताकर कई बार में 1.73 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। मुनाफा मांगने पर डेढ़ लाख और जमा करने की बात कही गयी। शक होने पर पीड़िता ने छानबीन की तो पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। इसी थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-19ए निवासी आशुतोष नाथ त्रिपाठी से बिटक्वाइन ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 1.66 लाख रुपये ऐंठ लिए।

**सख्ती** | कमिश्नरेट के 101 स्थानों पर चली चेकिंग, 2224 की हुई जांच

## शराब पीकर उत्पात मचाने वाले 396 लोगों का चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कमिश्नरेट में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ गुरुवार रात 9 से 11 बजे तक विशेष अभियान चला। जेसीपी कानून्-व्यवस्था बबलू कुमार के मुताबिक अभियान के दौरान 101 स्थानों पर चेकिंग की गई। इस दौरान 2224 व्यक्तियों की जांच की गई। इनमें 396 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पाये गये। सभी के खिलाफ शांतिभंग का चालान काटा गया।


अभियान के तहत जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

जेसीपी बबलू कुमार के मुताबिक अभियान का उद्देश्य अपराधों की रोकथाम करना और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। चेकिंग के दौरान सड़क, बाजार, पार्क, बस स्टैंड, चौराहों और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में शराब पीकर उत्पात मचाने, राहगीरों से अभद्रता करने और गाली-गलौज करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। जोनवार कार्रवाई में पश्चिमी जोन ने 585 लोगों की जांच कर 125 का चालान किया। वहीं उत्तरी जोन में 376 लोगों की जांच में 78, दक्षिणी जोन में 387 में 45, पूर्वी जोन में 470 में 70 और मध्य जोन में 406 में 78 लोगों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गोपालपुरवा, पेपर मिल रोड, रिंग रोड, मोतीनगर, राजेंद्र नगर, कल्ली पश्चिमी, जगतखेड़ा मोड़, सलेमपुर, 60 फीट रोड, इंजीनियरिंग चौराहा, मिर्जागंज, तिवारीगंज, गीतापुरी मार्केट और खरगापुर जैसे प्रमुख स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही लोगों से अपील की कि सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या हुड़दंग से दूर रहें, अन्यथा सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## सिटी ब्रीफ

### आशा कार्यकत्रियों को दिए ढोलक-मंजीरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** आशा कार्यकत्री ढोलक, मंजीरा बजाकर और गीत गाकर स्वास्थ्य योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगी। शुक्रवार को स्वयंसेवी संस्था ममता एचएमआईएस के सहयोग से इंदिरा नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएचसी जुगौली, खरगापुर, त्रिवेणी नगर, रहीम नगर और खुर्रम नगर क्षेत्र की 60 आशा कार्यकर्ताओं को थर्मामीटर, एमयूआईसी टेप के अलावा ढोलक, मंजीरा व झांझर का वितरण किया गया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी योगेश रघुवंशी शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल डॉ. अनिल श्रीवास्तव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. मयंक जलोटे, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज, डॉ. जेपी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### अफसरों को आधुनिक पोर्टलों का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एएफसी पोर्टल, सुगम यात्रा पोर्टल, एनईसी के वाहन ट्रैकिंग सिस्टम के संचालन और उपयोग पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का संचालन मै. ओरियन प्रो अनूप शुक्ला, मार्गसॉफ्ट के इमाम और एनईसी के प्रतिनिधि चन्द्रकांत ने किया। प्रशिक्षण में सहायक संख्याधिकारी सतीश पाल, आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग डिपो के वरिष्ठ और केंद्र प्रभारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य परिवहन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है।

### सिन्धी समाज के पदाधिकारी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** शिव शान्ति आश्रम में मेला कमेटी की समीक्षा बैठक में मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम कृषनानी को समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर आश्रम के संत साईं मोहन लाल ने सम्मानित कर मोमेंटो प्रदान किया। इसके अलावा मेला कमेटी के सतीश आडवानी सहित लगभग 15 और पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चेट्टी चंद मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी, हंसराज राजपाल, नितेश मध्यान, पुलकित राजपाल, विक्की दयलानी, राजू जसवानी, सतीश लखमानी सहित कई लोग मौजूद रहे।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अकादमी के पदाधिकारियों के साथ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में सम्मानित किए गए कलाकार। अमृत विचार

# स्वर्ण जयंती समारोह में सम्मानित किए गए 18 कलाकार

## भारतेन्दु नाट्य अकादमी में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अंगवस्त्रम पहनाकर दिए स्मृति चिन्ह, पुस्तक का विमोचन भी किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में शुक्रवार राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दीर्घकालिक सेवाओं के लिए 18 कलाकारों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में ज्यादातर कलाकार भारतेंदु नाट्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं। राज्यपाल ने बाल नाटक की पुस्तक का विमोचन किया।

राज्यपाल ने कहा कि संगीत, साहित्य और नाटकों ने समाज को दिशा दी है। यहां से पढ़कर निकले रंगकर्मी समाज के लिए कुछ करें। भारतीय रंगमंच की परम्परा बहुत प्राचीन है। यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, ये जीवन को दिशा देने का काम करती है। रंगमंच समाज का दर्पण है। उन्होंने कहा कि नृत्य और नाटक अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है। दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ नाटक बहुत अच्छा सन्देश दे सकते हैं। इसका संरक्षण और संवर्धन करने की जरूरत है। मौजूदा समय में रंगमंच की भूमिका और भी बढ़ गई है। युवा सबसे बड़ी ताकत हैं। राज्यपाल ने रंगमंच को गांव तक ले जाने की जरूरत जताई। क्योंकि यह केवल अतीत का गौरव गान नहीं है। इनसे भविष्य को बहुत उम्मीदें हैं। इस मौके पर इस मौके पर विधायक ओपी श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिन भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के नाम पर यह अकादमी है उन्होंने सिर्फ 34 साल की जिन्दगी गुजारी। उम्र कितनी भी छोटी हो हमें उसके पल-पल का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने आश्वास किया कि सरकार कलाकारों की मदद के लिए काम करेगी।



भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में विनय कुमार को स्मृति चिह्न देतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अकादमी के अधिकारी और पुरस्कारों के साथ दो अन्य कलाकार।

### जिन्हें सम्मान मिला वह जनभवन आकर झोपड़ी के बच्चों को सिखाएं : राज्यपाल

- समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि, जिन कलाकारों को यहां सम्मान मिला है, वह जनभवन आकर झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को सिखाएं। इन झोपड़ी के बच्चों के लिए नया भवन बनाया गया। मुख्यमंत्री के उद्घाटन करने के साथ वह शुरू हो जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि, मेरे पास आए बरेली के सांसद ने पूछा था कि मैं क्या कर सकता हूं। मैंने कहा कि 500 स्कूली गरीब बच्चों की ड्रेस सिलवा दें। उन्होंने हां कर दी, बच्चों की ड्रेस सिल रही है।

### नाटक आनंद मठ का मंचन

- बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा लिखित नाटक आनंद मठ का राज्यपाल के सामने मंचन किया। इस नाटक में आकाल की विभीषिका देखने को मिली। लोग बूंद-बूंद पानी को टीआरएस रहे थे, अन्न उपजाने वाले अन्न को टीआरएस रहे थे। जमींदार भी दाने-दाने को मोहताज हो गया। घर छोड़ने विवश हो गया। खाने के लिए लूटपाट मच गई।मठ के साधू लूटेरों को बताते हैं कि अंग्रेजों का अनाज जा रहा है, उसे लूट लो। लुटेरों के पास अपना सारा सामान लुटाकर छोटी सी बेटी को लेकर दौडती जमीदार की पत्नी को आनंद मठ के साधू आश्रय देते हैं। आनन्द मठ के साधुओं ने भारतीयों पर जुल्म करने वाले अंग्रेज अफसरों को मार भी गिराया।

### शोध की व्यवस्था मिल जाए तो शुरू करा दें पीएचडी

- अकादमी अध्यक्ष रति शंकर त्रिपाठी ने राज्यपाल से कहा कि हमें शोध की व्यवस्था मिल जाये तो हम पीएचडी शुरू करा दें, पीएचडी शुरू हो जाये तो रंगकर्मियों को नौकरी भी मिलने लग जाएगी।

### इनको किया गया सम्मानित

- प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, वरिष्ठ फिल्म एवं नाट्य अभिनेता पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी, लखनऊ दूरदर्शन और भारतेंदु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक सुशील कुमार सिंह, नाट्य और फिल्म लेखन के लिए विनय कुमार, नौटंकी के लिए अभिलाष नारायण, अभिनय के लिए प्रमोद पाठक, अभिनय के लिए प्राची पाठक, उद्घोषणा के लिए आलोक पारिख, फिल्म एवं धारावाहिक निर्देशक विजय कुमार सैनी, फिल्म एवं नाटक निर्माण के लिए जगमोहन रावत, नाट्य निर्देशक डिम्पी मिश्रा, सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी पंजाब के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. कुलीन जोशी, नौटंकी के लिए अमित दीक्षित, वरिष्ठ रंगकर्मी विनोद मिश्र, फिल्म अभिनेता अशोक पाठक, लेखक, निर्देशक और अभिनेता विजित सिंह, नाट्य निर्देशक प्रेमनाथ और रंगकर्मी महेंद्र वर्मा शामिल हैं।

# मालन अलबेली में दिखा मालिनी का सफ़र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में शाम को मालन अलबेली में प्रख्यात पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने गायन और अभिनय के साथ अपनी जिन्दगी के सफ़र को इतने मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। जिन लोगों ने मालिनी अवस्थी के सैकड़ों कार्यक्रम भी देखे होंगे उन्होंने भी उनका ऐसा स्वरूप नहीं देखा होगा और जिसने पहली बार उन्हें देखा होगा उसने पहली बार में ही उन्हें सौ फीसदी समझ लिया होगा।मालिनी ने सिखाया कि गजल सीखनी है तो शीन काफ दुरुस्त होना चाहिए। अपने गुरुओं को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि कहां हैं ऐसे उस्ताद जो शागिर्द की डायरी पर गजल लिखें। वो बोलीं कि मैं ईसाईयों के स्कूल में पढ़ी और घर पर जो उस्ताद आते थे वो मुसलमान थे। गोरखपुर में रहकर संस्कृत सीखी। संस्कृत बीए तक साथ में रही।



भारतेन्दु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में मालन अलबेली की प्रस्तुति देतीं पद्मश्री मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

### बिजली नहीं आई तो कुप्पी जलाकर पढ़ा

- मालिनी अवस्थी ने बताया कि संगीत में इस तरह से रचे बसे होने के बावजूद घर वालों को कभी कहना नहीं पड़ा कि पढो। अपनी क्लास में हमेशा अव्वल आती थी। लाईट नहीं आती थी तो कुप्पी जलाकर पढ़ती थीं।लखनऊ आईं तो भातखण्डे में तालीम ली, रवींद्रालय में पहली बार गाया तब भी धर्मनाथ मिश्र ने हारमोनियम पर संगत की थी और 40 साल से वही साथ में संगत कर रहे हैं। लखनऊ से हर शनिवार रविवार गोरखपुर जाकर राहत अली खान से सीखते थे। उस्ताद राहत अली लखनऊ में कार्यक्रम में आये तो उन्होंने अपने कार्यक्रम में शिष्या मालिनी से गवाया। फूल वाली गली में उस्ताद नगीना साहब से आशीर्वाद दिलाने ले गये। उस्ताद नगीना को किसी का यूं तो हुआ उम्र भर फिर भी, ये हुस्नो इश्क है धोखा है मगर फिर भी को गाकर सुनाया तो उन्होंने आशीर्वाद दिया। अवनीश अवस्थी से शादी के बाद वो जहां-जहां डीएम रहे उन शहरों में जाना हुआ। शादी के तीन साल के भीतर दो बच्चे हो गये। गाना पीछे छूट गया लेकिन पिता ने आकाशवाणी जाकर पूछा कि मालिनी को क्यों नहीं बुलाते तो वहां से बुलावा आने लगा। फिर से गाना शुरू किया। गजेन्द्र सिंह ने अन्त्याक्षरी में बुलाया तो लन्दन तक गाने गए।

## एसएनईए की सर्किल एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक हुई

**अमृत विचार, लखनऊ:** बीएसएनएल के इंदिरानगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज में शुक्रवार को संचार निगम एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन (एसएनईए) की सर्किल एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक हुई। मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य ने बीएसएनएल से अपना जुड़ाव को याद करते हुए इसके देशव्यापी विस्तार की सराहना की। ब्रज लाल ने अपराध नियंत्रण में बीएसएनएल सेवाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार गर्ग ने कहा कि बीएसएनएल ने सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों तक में 4 जी टावर लगाए हैं। निगम दो वर्ष से लाभ में और उपभोक्ता डेटा उपयोग में अग्रणी है। महासचिव एमएस अडसुल ने कर्मचारियों के लिए तीसरे वेतन पुनरीक्षण की मांग रखी।

## सिटी डायरी

### गो रक्षा कानून बनाने को किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद के पदाधिकारी।

**अमृत विचार, लखनऊ:** राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद ने शुक्रवार को गांधी प्रतिमा हजरतगंज पर गो रक्षा के लिए कठोर कानून बनाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर देकर गो हत्या और तस्करी पर करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश सनातनी ने कहा कि गो हत्या के मानव हत्या की श्रेणी में लाकर कड़े दंड का प्रावधान किया जाए। गो तस्करी में शामिल वाहन चालक, मालिक और सहयोगियों के खिलाफ भी कठोर दंड का प्रावधान हो। कार्यकर्ताओं ने गो रक्षक फरसा बाबा को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि भी दी। प्रदर्शन में अंतराष्ट्रीय महामंडलेश्वर महादेव बाबा, मनीष सनातनी, साधना सनातनी, ज्योति प्रकाश सनातनी, विवेक सनातनी, कुलदीप शुक्ला सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



प्रशस्ति पत्र देते मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल, साथ में अन्य।

### स्टार परफॉर्मर पुरस्कार से नवाजा

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में बहराइच स्थित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय में रेलवे कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें 55 कर्मचारियों की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश चन्द्र के निर्देशन में वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजना पाटनी, मंडल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत कुमार, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन, डॉ. प्रतुल्य ने जांच की। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में "स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ" कार्यक्रम में मार्च 2026 के लिए लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, ट्रैक मेंटेनर समेत छह कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।



बैठक में शामिल व्यापारी।

### एलपीजी संकट पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे के निर्देश पर गुरुवार को लखनऊ- कानपुर रोड के व्यापारियों की बैठक हुई। इसमें व्यापारियों ने कहा कि कामर्शियल सिलेंडर की कमी को व्यापार संचालन प्रभावित हो रहा है। कृष्णा नगर अध्यक्ष शिवमोहन श्रीवास्तव और ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि व्यापारियों से लगातार झूठ बोला जा रहा है, जबकि टैक्स वसूली में कोई राहत नहीं दी जा रही। बैठक में सैय्यद जहीर चिश्ती, राजकुमार पुरी, अमल चंदानी, राजेश कुमार पांडेय सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। बैठक में सभी ने समस्याओं के समाधान की मांग की।



असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा का पुतला जलाते कांग्रेस पदाधिकारी।

### पुतला जलाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह की अगुवाई में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला जलाय। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा पर अमर्यादित टिप्पणी का विरोध जताया गया। मोहम्मद नईम, राजेंद्र पाण्डेय, किश्वर जहां, रईस अहमद उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** | मधुर संगीत और इंद्रधनुषी लाइटों के बीच 38 प्रतिभागियों ने रैम्प पर किया कदमताल

# तनिष्का शर्मा मिस और गुर शरण कौर बनीं मिसेज उत्तर प्रदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** क्वीनीफाइड इंक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स प्रेक्षागृह में तनिष्का शर्मा मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश-2026, कार्तिका मौर्या मिस टीन उत्तर प्रदेश और गुर शरण कौर मिसेज उत्तर प्रदेश-2026 चुनी गईं।

मधुर संगीत और इंद्रधनुषी लाइटों के बीच जब 38 प्रतिभागियों ने रैम्प पर कदम रखे, तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह सिर्फ एक ब्यूटी पेजेंट नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण और प्रतिभा का एक शानदार मंच था।

कार्यक्रम में पारंपरिक चिकनकारी से लेकर मॉडर्न गाउन्स तक, रैंप पर लखनऊ की संस्कृति और आधुनिक फैशन का अनोखा फ्यूजन दिखा। परिचय राउंड में प्रतिभागियों ने अपनी गरिमा और अनूठी शैली से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। बौद्धिक परीक्षण प्रश्न-उत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक सोच और तार्किक क्षमता से साबित किया कि वे ब्यूटी विद ब्रेन्स का सटीक उदाहरण हैं। इसके अलावा शानदार कैटवॉक, आत्मविश्वास से भरे हर कदम ने ग्लैमर के नए मानक स्थापित किए।

इस अवसर पर मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश-2026 की विजेता बनी लखनऊ की तनिष्का शर्मा, जबकि दिव्या गुप्ता फर्स्ट रनरअप और यशिता जीत सेकंड रनरअप रहीं। इसी प्रकार कार्तिका मौर्या मिस टीन उत्तर प्रदेश-2026 की विजेता बनी जबकि गौरी सिंह राजपूत फर्स्ट रनरअप रहीं। इसी क्रम में गुर शरण कौर मिसेज उत्तर प्रदेश-2026 की विजेता बनीं, जबकि संजना श्रीवास्तव फर्स्ट रनरअप और पद्मा सिन्हा सेकंड रनर अप रहीं।



मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश चुनी गईं तनिष्का शर्मा, मिस टीन उत्तर प्रदेश, कार्तिका मौर्या, मिसेज उत्तर प्रदेश गुर शरण कौर और अन्य प्रतिभागी।

## सिटी ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश हॉकी टीम पहुंची फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश हॉकी टीम ने 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। बिहार के राजगीर में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने पंजाब को एकतरफा अंदाज में 6-2 से करारी शिकस्त दी। मैच की शुरुआत से ही उत्तर प्रदेश टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए अपना दबदबा बनाए रखा। 11वें मिनट में शाहरुख अली ने शानदार फील्ड गोल कर टीम का खाता खोला। इसके बाद नीतीश यादव ने 26वें और 29वें मिनट में लगातार दो पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में भी उत्तर प्रदेश का आक्रमण जारी रहा। शिवम यादव, केतन कुशवाहा और राहुल यादव ने बेहतरीन गोल दागकर मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। पंजाब की टीम पूरे मैच में दबाव में नजर आई और उत्तर प्रदेश की मजबूत रणनीति का जवाब नहीं दे सकी। शानदार प्रदर्शन के लिए शाहरुख अली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उत्तर प्रदेश की महिला टीम भी शनिवार को कांस्य पदक के मुकाबले में अपनी चुनौती पेश करेगी।

### चैंपियनशिप के लिए यूपी टीम गोवा रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की मुआय थाई टीम 11 और 12 अप्रैल को गोवा के मापुसा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय मुआय थाई चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए शुक्रवार सुबह रवाना हो गई। टीम के खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी चुनौती पेश करेंगे। टीम में आदित्य गुप्ता, हिमांशु सिंह, सतीश यादव, शुभ यादव, अमर यादव, राशि सिंह, आर्या गुप्ता और जयदीप पटेल को शामिल किया गया है। सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता से पहले गहन अभ्यास किया है। उत्तर प्रदेश मुआय थाई काउंसिल के सचिव अभिषेक मौर्या ने बताया कि खिलाड़ियों की तैयारी को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी कौशल, फुटवर्क और स्टेमिना को मजबूत करने पर जोर दिया गया, ताकि खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। टीम के कोच आकाश मौर्या और मैनेजर आदित्य गुप्ता होंगे, जो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। रवाना होने से पहले टीम के सदस्यों ने काउंसिल के पदाधिकारियों के साथ कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आनंद किशोर पांडेय से मुलाकात की।

### सीएएल एसेज और सीएएल मावरिक्स जीते

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी के अंतर्गत खेले जा रहे रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को सीएएल एसेज और सीएएल मावरिक्स ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर पूरे अंक अर्जित किए। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में सीएएल मावरिक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 318 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शौर्य वीर सिंह ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 51 गेंदों में 14 चौकों और 12 छक्कों की मदद से 144 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल इम्पीरियल की टीम दबाव में बिखर गई और पूरी टीम 107 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में शाश्वत मिश्रा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। दूसरा मुकाबला ब्लेज विलो गोमती नगर स्टेडियम में खेला गया, जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल की टीम ने 25 ओवर में 9 विकेट पर 116 रन बनाए। जवाब में सीएएल एसेज ने संघर्षपूर्ण मैच में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम किया।

### आशुतोष, दिव्य राज व मयंक दिखाएंगे दम

**अमृत विचार, लखनऊ :** जयपुर (राजस्थान) में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड वाइड सुपर लीग इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप सीजन-2 में लखनऊ के तीन होनहार खिलाड़ी अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं। लखनऊ पब्लिक स्कूल आनंद नगर शाखा के आशुतोष मिश्रा, दिव्य राज वंश और मयंक तिवारी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह चैंपियनशिप 11 और 12 अप्रैल को जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी के हॉल में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में ये तीनों खिलाड़ी व्यक्तिगत पूमसे स्पर्धा में पदक के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे। प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पहले गुरुवार को स्कूल परिसर में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या मीना तिवारी ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की टी-शर्ट प्रदान कर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इंचार्ज अपर्णा चौधरी भी मौजूद रहीं।

# निजी व छोटी टैक्सी को शहीदपथ पर रहेगी आने-जाने की अनुमति

## आईपीएल मैच को देखते हुए इकाना स्टेडियम व आसपास के इलाके में यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अटल विहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में मंगलवार को आईपीएल का लखनऊ सुपर जाइंट्स व गुजरात टाइटंस के बीच मैच खेला जाना है। इसे देखते हुए इकाना स्टेडियम व आसपास के इलाके में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह जानकारी डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने दी। मैच के दौरान शहीद पथ पर सिर्फ निजी वाहन और छोटी टैक्सी को आने-जाने की अनुमति दी गई है। अन्य वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किये गये हैं।

**रोडवेज बसें/निजी बसें व्यवसायिक वाहन:** शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज व अन्य सभी बसें व व्यवसायिक वाहन (छोटे बड़े) प्रतिबन्धित रहेगी। अन्य वैकल्पिक मार्ग खुले होंगे, जिनका प्रयोग कर सकेंगे। निजी वाहनो एवं किराये की टैक्सी/कार आदि पर रोक नहीं होगी।

### निजी वाहन की पार्किंग

- जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास होगा वह अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियों होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।
- जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास उपलब्ध नही है वह भी अहिमामऊ से एचसीएल होकर जायेंगे। उनमें से पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियों मॉल में पार्किंग दिया जायेगा। प्लासियों मॉल की पार्किंग भर जाने के पश्चात वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग होगी।
- समस्त दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुये प्लासियों माल के पीछे वाहन पार्क करेंगें।

### ज्वलनशील पदार्थ पूर्णतः प्रतिबन्धित

- वीवीआईपी/वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस होकर मॉल अथवा पीएचक्यू के पीछे वाली सड़कों पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास किसी भी दशा मंठ वाहन पार्क न किया जाय।
- वाहनों का प्लासियों मॉल के सामने या स्टेडियम के सामने ईधर-ऊधर अवैध पार्किंग करने पर टोईंग एवं क्लैम्प लगाने की कार्यवाही की जायेगी।
- टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप सहित प्रदर्शित होगा।
- सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ आदि आईसीसी/वीसीसीआई के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबन्धित है।

सुल्तानपुर रोड पर उपरोक्त वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे एवं अर्जुनगंज कैण्ट की तरफ से आ रहे वाहन कटाई पुल से। रोडवेज की तरफ से निर्गत डायवर्जन प्लान प्राईवेट बसें भी सख्ती से पालन करेंगे।

**सिटी बसें:** मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया एवं सुशान्त गोल्फ सिटी के मध्य नही रूकेंगी एवं सड़क की दाईं ओर चलेंगी।

**आटो/ई-रिक्शा:** ई-रिक्शा शहीद पथ पर प्रतिबन्धित है। ई-रिक्शा सर्विस रोड पर भी मैच के दिन प्रतिबन्धित रहेगा। इसी प्रकार आटो भी शहीद पथ पर प्रतिबन्धित रहेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली ई-रिक्शा/ऑटों अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुये जी-20 तिराहें से गोमतीनगर की तरफ जायेंगे।

इसी प्रकार सुल्तानपुर रोड़ से आने वाले आटो/ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की तरफ जाकर सवारी उतारेंगे। किसी भी दशा में अहिमामऊ से 500 मी0 की परिधि में सवारी न उतारेंगे न बैठायेंगे।

**ओला/ऊबर व अन्य किरायें के वाहन:** सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर सवारी न बैठायेंगे और न ही सवारी उतारेंगे। एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली वाहन अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहे से गोमतीनगर के तरफ जायेंगे।

सुरक्षाकर्मी जो विशिष्ट अथवा अतिविशिष्ट दर्शकों के साथ आयेंगे, उन्हें अन्दर जाने की अनुमति नही होगी। पार्किंग क्षेत्र स्थापित रहेंगें। मात्र टिकट धारक ही विभिन्न प्रकार के स्टैण्ड में प्रवेश करेंगे।

मैच प्रारम्भ होने के 3 घण्टे पूर्व प्रवेश दिया जायेगा। अंतिम प्रवेश दूसरी पारी के मध्य तक दिया जायेगा, फिर प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा। स्टेडियम में दुबारा प्रवेश अनुमन्य नहीं है अर्थात मैच छोड़कर बाहर निकल जाने पर दोबार स्टेडियम में प्रवेश नही मिलेगा।

पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एण्ड ड्राप स्टैण्ड होगा, जहाँ निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार सकेंगे, बैठा सकेंगे।

कोई भी व्यक्ति बिना ड्यूटी कार्ड या टिकट के स्टेडियम के अन्दर प्रवेश नही करेगा, पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी एवं अनाधिकृत प्रवेश दण्डनीय अपराध होगा।

स्टेडियम के आस पास रहने वाले लोगों से अपील है कि मैच देखने के लिये स्टेडियम की तरफ जायें अन्यथा अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। दर्शकों से अपील है कि 19:30 बजे से प्रारम्भ हो रहे मैच के लिये 18:00 बजे से 20:00 बजे तक का पीक आवर से बचते हुये उसके पूर्व अथवा बाद में आने का प्रयास करें।

### साव्या और प्रबीर को मिला पहला स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ:** कर्नल एसएन मिश्रा ओबीई मेमोरियल स्कूल में आयोजित लखनऊ जिला शतरंज आयु वर्ग चैंपियनशिप का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-9 और अंडर-17 वर्ग के मुकाबले खेले गए, जिनमें युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-9 बालक वर्ग में अग्रार्थ मिश्रा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए चार अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, प्रबीर सिंह तीन अंकों के साथ उपविजेता रहे। अंडर-9 बालिका वर्ग में साव्या ने 2.5 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि निरवाना वर्मा दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में गौरांश जायसवाल ने तीन अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया। लक्ष्य निगम 2.5 अंकों के साथ उपविजेता रहे। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में सान्वी अग्रवाल ने तीन अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवांगी दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

# भिड़ंत से पूर्व गुजरात टाइटंस ने परखी तैयारियां

## गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों ने मैदान पर जमकर बहाया पसीना, जांचा दमखम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ सुपरजायंट्स भी पहुंची, आज करेगी अभ्यास


**अमृत विचार :** गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच 12 अप्रैल को होने वाले मुकाबले से पहले अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के खिलाड़ियों ने मैदान पर जमकर पसीना बहाया और अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

शाम छह से आठ बजे तक चले अभ्यास सत्र में खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभागों पर विशेष ध्यान दिया। टीम प्रबंधन इस सत्र को काफी अहम मान रहा है, क्योंकि मौजूदा सीजन में गुजरात का प्रदर्शन अब तक उतार-चढ़ाव भरा रहा है। दिल्ली के खिलाफ एक रन से मिली रोमांचक जीत के अलावा टीम को पंजाब और राजस्थान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है, ऐसे में यह मुकाबला उसके लिए वापसी का मौका भी माना जा रहा है।


इकाना स्टेडियम में अभ्यास के दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी। अमृत विचार

दूसरी ओर, कोलकाता के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद उत्साह से भरी लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम भी शहर पहुंच चुकी है। टीम शनिवार दोपहर इकाना स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देगी।

लखनऊ की टीम जीत की लय को बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी, जबकि गुजरात टाइटंस पिछली हारों की भरपाई कर जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश करेगी। दोनों टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।


पूर्वाभ्यास करते गुजरात टाइटंस के राशिद खान। अमृत विचार



हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

# फीस बढ़ोतरी के खिलाफ छात्रों का जोरदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फीस रेगुलेशन कानून की मांग आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**अमृत विचार:** प्राइवेट स्कूलों में हर साल बढ़ाई जा रही फीस के विरोध में शुक्रवार को छात्रों ने प्रदर्शन किया। गांधी प्रतिमा हजरतगंज के पास राष्ट्रीय छात्र पंचायत के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए।

प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूल अभिभावकों की मजबूरी का फायदा उठाकर फीस, किताबों और ड्रेस के नाम पर मनमानी वसूली कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल लखनऊ में रोक लगाने से समस्या हल नहीं होगी, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक समान कानून लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि छात्रों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो अगले महीने आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। संगठन की प्रमुख मांगों में फीस रेगुलेशन बिल लागू करना, महंगी किताबों के सिंडिकेट पर रोक लगाना और स्कूलों द्वारा लिए जाने वाले अतिरिक्त शुल्क खत्म करना शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में समानता लाने और सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया।

# छात्रवृत्ति में धांधली के खिलाफ एसएफआई का प्रदर्शन

- कल्याण भवन का घेराव कर ज्ञापन सौंपा
- 15 दिन में समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी ने छात्रवृत्ति वितरण में कथित धांधली के विरोध में कल्याण भवन का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव गौड़ को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर के माध्यम से सौंपा।

इस दौरान राज्य अध्यक्ष पार्थ सारथी द्विवेदी ने आरोप लगाया कि सत्र 2025-26 में बड़ी संख्या में छात्रों को अभी तक छात्रवृत्ति नहीं मिली है, जबकि कई छात्रों के आवेदन बिना स्पष्ट कारण के निरस्त कर दिए गए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक छात्रवृत्ति वितरण की समयसीमा समाप्त हो चुकी है, फिर भी छात्रों के खातों में राशि नहीं पहुंची है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। राज्य सचिव अब्दुल वहाब ने बताया कि विभिन्न जिलों में छात्रों से बातचीत में सामने आया है कि कई को आंशिक राशि मिली है या आवेदन बाद में रिजेक्ट कर दिए गए। इससे छात्रों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य उपाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने चेतावनी दी कि यदि 15 कार्यदिवस में सभी पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली और त्रुटियों को सुधारने का अवसर नहीं दिया गया, तो संगठन व्यापक आंदोलन करेगा। प्रदर्शन में प्रदेश के कई जिलों से आए छात्रों ने भाग लिया।



प्रदर्शन करते हुए एसएफआई से जुड़े छात्र। अमृत विचार

## सिटी डायरी


भाभी सानिया के साथ सारा तेंदुलकर।

### भाभी संग लखनऊ पहुंचीं सारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर अपनी भाभी सानिया के साथ गुरुवार को लखनऊ पहुंचीं। 12 अप्रैल को लखनऊ में होने वाले मुकाबले में गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स आमने-सामने होंगी। यह मैच खास माना जा रहा है क्योंकि दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर की उम्मीद है। दिलचस्प बात यह भी है कि सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर इस आईपीएल सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स टीम का हिस्सा हैं और मीडियम पेसर के तौर पर टीम से जुड़े हुए हैं। ऐसे में इस मुकाबले में तेंदुलकर परिवार की मौजूदगी और जुड़ाव को लेकर क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें और भी बढ़ गई हैं। गुजरात ने इससे पहले अपना मुकाबला दिल्ली से आखिरी गेंद पर जीता था। वहीं लखनऊ ने भी अपना पिछला मुकाबला केकेआर के खिलाफ अंतिम बॉल पर ही जीता था। लखनऊ अपने तीन मैच में से दो मैच जीत चुकी है, जबकि गुजरात तीन मैच में से एक ही मैच जीती है।


विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि व अन्य।

### रहमान एकादश को हराकर केडी सिंह बाबू एकादश बना विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** केडी सिंह बाबू एकादश ने द्वितीय फजल उर रहमान मेमोरियल सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शुक्रवार को चंद्रभान गुप्त खेल मैदान में खेले गए फाइनल में टीम ने रहमान एकादश को पेनाल्टी शूटआउट में 3-0 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। 28वें मिनट में आदर्श ने रहमान एकादश को बढ़त दिलाई, जबकि 58वें मिनट में मान ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद फैसला शूटआउट से हुआ, जिसमें केडी सिंह बाबू एकादश ने बाजी मार ली। समापन समारोह में विधायक गौरव रावत ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


संघर्ष करते काशी किंग्स व बर्बरीक वॉरियर्स के खिलाड़ी।

### काशी किंग्स की लगातार दूसरी जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पी प्रो हैंडबॉल लीग के दूसरे दिन के मुकाबले रोमांचक रहे। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए मैच में काशी किंग्स ने बर्बरीक वॉरियर्स को 19-18 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले हाफ में 8-6 से पिछड़ने के बाद काशी ने शानदार वापसी की। अविनाश ने 8 गोल कर जीत में अहम भूमिका निभाई, जबकि मनिकंदन और विमलेश ने 4-4 गोल किए। दूसरे मुकाबले में गोरखपुर राउडीज ने गाजियाबाद पैंथर्स को 30-24 से हराया। सुनील ने 11 और मनीष त्रिपाठी ने 8 गोल किए। वहीं, नोएडा ब्लास्टर्स ने मथुरा ब्रज स्टार को 29-26 से हराया, जिसमें तौसीफ और मिंटू ने 7-7 गोल दागे।


प्रमाण पत्र देते हुए जिला आयुक्त स्काउट कुलदीप तिवारी।

### स्काउट विंग में उपलब्धियों पर सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे स्काउट विंग के अनिल कुमार, पूर्व डीटीएस (एस), को एएलटी (सहायक लीडर प्रशिक्षक) का राष्ट्रीय प्रमाण पत्र नई दिल्ली मुख्यालय से प्राप्त हुआ। ये प्रमाण पत्र जिला आयुक्त (स्काउट) कुलदीप तिवारी ने प्रदान किया। गाइड विंग की लीडर रुखसार बानो को भी एनटीसी का एचडब्ल्यूबी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला सचिव जगजीत सिंह और सहायक जिला सचिव दीपक सिंह उपस्थित रहे।